अतिवृष्टि और बाढ़ से निबटने की तैयारी रखें : कलेक्टर

समय-सीमा व विभागीय समन्वय समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

मंडला, देशबन्धु। जिला योजना भवन में समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने बैठक में कहा कि जिले में लगातार बारिश हो रही है, जिससे सभी नदी, नाले उफान पर हैं। निचले इलाकों में पानी भर रहा है, ऐसे में अतिवृष्टि और बाढ़ से निपटने के लिए सभी अनुविभागीय अधिकारी पर्याप्त तैयारी रखें। ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न जल स्त्रोतों पर बाढ़ का गंदा पानी जाने की आशंका है, ऐसे में दूषित जल से संक्रामक बीमारियों का खतरा है। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर टीमें तैयार रखें। संक्रामक बीमारियों उल्टी, दस्त, डायरिया आदि की सूचना मिलते ही तत्काल मेडीकल टीमें मौके पर रवाना करें।

बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि बहुत से मार्गों में पुल, पुलियों के ऊपर नदी, नालों का पानी आ जाता है ऐसी स्थिति में लोगों को न जाने दें और आवागमन अवरुद्ध रखें। निचली बस्तियों व नदी के किनारे वाले क्षेत्रों में आश्रय स्थलों की व्यवस्था रखें जिससे आपात स्थिति में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रखा जा सके। सभी

अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि अतिवृष्टि अथवा बाढ़ के कारण जन हानि, पशु हानि, मकान की क्षति के संबंध में 48 घंटे के भीतर रिपोर्ट तैयार कर प्रकरण स्वीकृत कराएं।

सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि राजस्व, पंचायत, पीएचई, ऊर्जा, पीडब्ल्यूडी, ट्राईबल, परिवहन और स्वास्थ्य विभाग की शिकायतें अधिक संख्या में लम्बित हैं, यह सभी विभाग शिकायतों के निराकरण की गति तेज करें। सभी विभाग प्रमुख अपने-अपने विभाग की संतुष्टि का प्रतिशत देखें और उसे बेहतर कराएं। समग्र ईकेवाईसी की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देशित किया कि बुधवार को इसके लिए कैम्प लगाकर मिशन मोड में कार्य किया जाना है। संबंधित अधिकारी इसके लिए तैयारी करते हुए लक्ष्य तय करें एवं सभी संबंधित निकाय इस सप्ताह 85 प्रतिशत का बेंचमार्क प्राप्त करना सुनिश्चित करें। फूड ईकेवाईसी के संबंध में कलेक्टर ने कहा कि इसमें बहुत कम संख्या में ईकेवाईसी किया जाना शेष है। जिला आपूर्ति अधिकारी एवं जेएसओ एक सप्ताह में 95 प्रतिशत की प्रगति लाना सुनिश्चित करें। उच्च न्यायालय की अवमानना के प्रकरणों के विषय में कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक प्रकरण में न्यायालय के निर्देशानुसार कम्पलाईस कराएं। कम्पलाईस की एक पावती प्रति जिला शाखा में प्रस्तुत करें। इसी प्रकार रिट पिटिशन के प्रकरणों में विभाग प्रमुख गंभीरतापूर्वक समुचित जवाब न्यायालय में प्रस्तुत करें।

धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान के संबंध में कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि संबंधित विभाग आधार, जनधन खाता, जाति प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, सहकारिता, खाद्यान्न पर्ची, उज्जवला तथा आयुष्मान कार्ड जैसी योजनाओं का भेजा जा रहा डाटा फ्रीज करने के पहले क्रॉशचैक करें। चिन्हित 716 ग्रामों का डाटा सभी एसडीएम अंतिम रूप से फाईनल कराएं। ई-ऑफिस के संबंध में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जो विभाग ई-ऑफिस में ऑनबोर्ड हो गए हैं वह ऑफलाईन फाईलें बंद करें। साथ ही जो विभाग ऑनबोर्ड नहीं हुए हैं वह 15 जुलाई के पूर्व ऑनबोर्ड होना सुनिश्चित करें। उक्त तिथि के पश्चात किसी भी विभाग की फाईल ऑफलाईन स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडला एवं बिछिया विधानसभा के 50-50 बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण

मंडला, देशबन्धु। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार प्रत्येक मतदान केन्द्र के बूथ लेवल ऑफीसर के लिए बीएलओ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। जिला मण्डला की विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 105-बिछिया (अ.ज.जा.) के अन्तर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 219 से 268 तक कुल 50 बीएलओ का प्रशिक्षण जनपद पंचायत मवई में एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 107-मण्डला (अ.ज.जा.) के अन्तर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 152 से 201 तक कुल 50 बीएलओ का प्रशिक्षण कार्यक्रम आरडीपीजी कॉलेज मण्डला में आयोजित कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान सभी बीएलओ को निर्वाचक नामावली, नए नाम जोड़ने, मतदाता सूची से नाम काटने जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई एवं उनका शंका समाधान भी किया गया। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों (बिछिया, निवास एवं मण्डला) के आगामी बीएलओ के प्रशिक्षण 8 जुलाई से 16 जुलाई 2025 तक के मध्य पृथक-पृथक तिथियों में आयोजित किए जाएंगे।

सार-समाचार

जिले में अब तक 700.8 मिमी वर्षा दर्ज

मंडला, देशबन्धु। मंडला जिले में एक जून से 7 जुलाई तक की अवधि में औसत रूप से कुल 700.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 7 जुलाई की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले में औसतन 108 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस दिन तहसील मंडला में 96.6 मिमी, नैनपुर में 127.8 मिमी, बिछिया में 151.5 मिमी, निवास में 103.8 मिमी, घुघरी में 112.2 मिमी एवं नारायणगंज में 56.3 मिमी वर्षा आंकी गई है।

अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 जुलाई तक तहसील मंडला में 757.4 मिमी, नैनपुर में 766.6 मिमी, बिछिया में 632.1 मिमी, निवास में 713.9 मिमी, घुघरी में 592.2 मिमी एवं नारायणगंज में 749.3 मिमी वर्षा आंकी गई है। इसी अवधि में पिछले वर्ष जिले में औसतन 330 मिमी वर्षा हुई थी। इस अवधि में पिछले वर्ष तहसील मंडला में 442.2 मिमी, नैनपुर में 354.8 मिमी, बिछिया में 322.2 मिमी, निवास में 310.9 मिमी, घुघरी में 196.5 मिमी एवं नारायणगंज में 360.2 मिमी वर्षा आंकी गई थी।

बारिश में भीमा नाला से बहे बछड़े को नैनपुर पुलिस ने सुरक्षित बचाया

एसपी सकलेचा करेंगे टीम को पुरस्कृत

मंडला, देशबन्धु। मंडला जिले में लगातार हो रही भारी वर्षा के बीच कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा लगातार जल भराव और बाढ़ संभावित क्षेत्रों में नजर बनाये हुए हैं।सभी राजस्व अधिकारी,पुलिस विभाग का अमला संयुक्त रूप से मोर्चा सँभाले हुए है।

एसपी श्री सकलेचा के नेतृत्व में थाना नैनपुर पुलिस क्षेत्र में सतत भ्रमण कर रही है। इसी दौरान भीमा नाला के समीप पुलिस टीम ने देखा कि एक गाय एवं उसका बछड़ा पुलिया पार करते समय तेज बहाव में फंस गए। पानी का स्तर अधिक होने के कारण बछड़ा बहकर नीचे चला गया था। स्थिति की गंभीरता को भाँपते हुए आरक्षक सजल, आरक्षक रंजीत, आरक्षक सुरेश जैतवार एवं उप निरीक्षक विनोद, उप निरीक्षक रमेश, उप निरीक्षक जैनेंद्र तथा प्रधान आरक्षक जगदीश मसराम ने सूझ-बूझ और तत्परता दिखाते हुए तत्काल रेस्क्यू कर उन्होंने बछड़े को सुरक्षित बाहर निकाला और उसकी जान बचाई। पुलिस अधीक्षक श्री सकलेचा ने इस मानवीय पहल के लिए टीम को नकद पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की है।

अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

मंडला, देशबन्धु। सहकारिता विभाग द्वारा जिला सहकारी संघ मंडला के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के साथ अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस मनाया गया। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के सभागार में सहकारिता पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सहकारिता विभाग के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के केलेण्डर का विमोचन किया गया तथा सहकारिता से समृद्धि योजना के तहत नवाचार अंतर्गत किये जाने वाले कार्यों से सभी को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में नाबार्ड के जिला प्रबंधक देववृत पाल ने नाबार्ड द्वारा सहकारिता को दी जाने वाली वित्तीय सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सहकारिता विभाग के अधिकारी नितेन्द्र तेकाम द्वारा सहकारिता से समृद्धि वर्ष 2025 की उपलब्धियों तथा विभागीय गतिविधियों से अवगत कराया गया। महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक श्री नरेन्द्र कोरी द्वारा सहकारी समितियों द्वारा किये जाने वाले नवीन कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। संगोष्ठी के दौरान श्री अतुल दुबे, श्री अनिलकांत तिवारी, श्री अनिल साहू, श्री लक्ष्मीकांत पटैल तथा अन्य समिति कर्मचारी व किसान उपस्थित रहे। संगोष्ठी के उपरांत बी-पेक्स मलारा में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 में निर्धारित कार्यक्रम अनुसार वृक्षारोपण किया गया।

मेजर माइनर विषय के अलावा अन्य विषयों में प्रवेश के लिए पंजीयन तिथि में वृद्धि

मंडला, देशबन्धु। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मण्डला में ऐसे विद्यार्थी जिन्हें स्नातकोत्तर स्तर पर मेजर एवं माईनर विषय के अतिरिक्त किसी अन्य विषय में प्रवेष लेना है ऐसे विद्यार्थियों के लिए उच्च षिक्षा विभाग के द्वारा पंजीयन की तिथि में वृद्धि की गई है। ऐसे विद्यार्थियों को दिनांक 07.07.2025 से 10.07.2025 तक ऑन लाईन पंजीयन की सुविधा प्रदान की गई है। अत: ऐसे विद्यार्थी अनिवार्य रूप से 07.07.2025 से 10.07.2025 के मध्य अपना पंजीयन करा ले। ऐसे विद्यार्थियों को साक्षात्कार एवं स्थान की सूचना उनके पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर प्रदान की जावेगी। मोबाईल नम्बर पर दिये गये स्थान एवं दिनांक पर विद्यार्थियों को उपस्थित होकर साक्षात्कार की प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। साक्षात्कार में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को दिनांक 21.07.2025 को सीट आवंटन पत्र जारी किया जायेगा। इन विद्यार्थियों को दिनांक 21.07.2025 से दिनांक 25.07.2025 के मध्य प्रवेश शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा।

इसके साथ ही रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मण्डला में उपलब्ध एलएल.बी.पाठ्यक्रम को भी बार काउसिंल ऑफ इण्डिया के द्वारा मान्यता प्रदान कर दी गई है, परिणाम स्वरूप रानी दुर्गावती विष्वविद्यालय, जबलपुर के द्वारा एलएल.बी.पाठ्यक्रम को ई-प्रवेश पोर्टल पर एप्रूव कर दिया गया है। अत: एलएल.बी.पाठ्यक्रम में प्रवेष के इच्छुक विद्यार्थियों को अगले चरण से प्रवेष प्रक्रिया में पंजीयन एवं प्रवेष की सविधा उपलब्ध हो जायेगी।

अनुकंपा नियुक्ति सेवा के दौरान दिवंगत हुए लोगों के परिवार को आर्थिक संबल देने का एक प्रयास है : मंत्री सम्पतिया उइके

मंडला, देशबन्धु। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि शासकीय सेवा के दौरान मृत्यु हो जाने पर कर्मचारी के परिवार पर आर्थिक संकट आ जाता है। जिन्होंने अपने परिवार के मुखिया को खोया उसका दर्द परिजन ही समझ सकते हैं। अनुकंपा नियुक्ति शासन की सेवा के दौरान दिवंगत हुए लोगों के परिवार को आर्थिक संबल देने का एक प्रयास है। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके जिला योजना भवन में आयोजित तृतीय स्मृति सुमन शिविर को संबोधित कर रहीं थी।

इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, जिला पंचायत सदस्य श्री शैलेष मिश्रा, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, एसी ट्राईबल श्रीमती वंदना गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े सहित संबंधित उपस्थित थे। मंत्री श्रीमती उइके ने अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त कर रहे सभी नव नियुक्ति कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप शासन के

जिला योजना भवन में तृतीय स्मृति सुमन शिविर आयोजित

नीतिगत प्रावधानों के अनुसार अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन करें। यह आपके लिए अंतिम पड़ाव नहीं है, आगे और पढ़ाई करते हुए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होकर आप सभी उच्च पदों को भी प्राप्त कर सकते हैं। त

ृतीय स्मृति सुमन शिविर में कुल 9 लोगों को अनुकंपा नियुक्ति दी गई। जिसमें श्री विपिन उद्दे को सहायक ग्रेड-3 जिला राजस्व स्थापना कार्यालय, श्री जितेन्द्र वैष्णव को सहायक ग्रेड-3 जनजातीय कार्यविभाग मंडला, श्री मनीष कुमार नेताम को चतुर्थ श्रेणी जनजातीय कार्यविभाग मंडला, श्री शक्तिकुमार श्रीवास को चतुर्थ श्रेणी जनजातीय कार्यविभाग मंडला, कु. आसमा परवार को चतुर्थ श्रेणी शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय मंडला, श्री वेदप्रकाश कुर्वेती को चतुर्थ श्रेणी कार्यालय सहायक आयुक्त सहकारिता मंडला, श्री दुष्यंत तेकाम को चतुर्थ श्रेणी उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग मंडला, श्री अजयसिंह बघेल को ग्राम पंचायत सचिव तथा श्री विकास चैहान को ग्राम पंचायत सचिव के पद पर नवीन नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

खटारा बसों और डम्परों पर कड़ी कार्रवाई करें : कलेक्टर

मण्डला,देशबन्धु। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में निर्देशित करते हुए कहा कि सभी स्कूल बसों के फिटनेस की जांच करें। खटारा बसों एवं डम्फरों पर कड़ी कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि नागरिकों को सीटबेल्ट लगाकर और हेलमेट पहनकर वाहन चलाने के लिए प्रतिदिन एक घंटे का अभियान चलाएं जिसमें लोगों को इसके लिए समझाईश दें।

उन्होंने कहा कि लोडिंग तथा अनलोडिंग का समय निश्चित करें, यदि कोई ट्रांसपोर्टर निर्धारित समय के अलावा नियम उल्लंघन करता है तो उस पर नियमानुसार कार्यवाही करें। आवश्यकता अनुसार एफआईआर भी करें। एमपीआरडीसी के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि खड़देवरा से रामनगर रोड पर एनएच 30 से मिलने वाले चैराहे के पूर्व स्पीड ब्रेकर बनाएं। इसी तरह सिझौरा और भाई बहन नाला में नेशनल हाईवे से मिलने वाली सड़कों पर ब्रेकर बनाया जाना सुनिश्चित करें। एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि पिछली बैठक में दिए गए

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए निर्देश

निर्देशानुसार चिन्हित ब्लेक स्पॉट पर फ्लेक्स/बोर्ड लगाए गए हैं, उनके फोटो तथा वीडियो साझा करें। एसडीएम मंडला को निर्देशित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि शहर में लगातार अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही जारी रखें। बैठक के दौरान मार्च 2025 तक के हिट एण्ड रन के प्रकरण, कैशलेस स्कीम की एसओपी, घायलों को अस्पताल पहुंचाने पर मिलने वाली प्रोत्साहन राशि, सीवर लाईन, जबलपुर मार्ग की मरम्मत सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, जिला परिवहन अधिकारी बिमलेश गुप्ता, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम के साथ लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मध्यप्रदेश सड़क निर्माण प्राधिकरण, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण तथा स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

महिलाओं ने पौधों का किया रोपण

मंडला, देशबन्धु। हरित प्रदेश अभियान का इस सत्र में आगाज 5 जुलाई से किया गया है, जिसके तहत महिलाओं ने तुलसी, नारियल, जामुन और अन्य पौधों का रोपण किया। इस अभियान के तहत पूरे मानसून तक पौधरोपण किया जाएगा। नगीना पटेल ने बताया जाता है कि पौधरोपण के लिए जून से अगस्त तक का माह सबसे बेहतर माना जाता है। इसमें पौधों के संरक्षण की संभावना अधिक रहती है। 'पत्रिका' विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए यह अभियान चला रहा है, जो काफी सराहनीय है। नगीना पटेल ने लोगों से अपील की है कि वे इस अभियान से जुड़ें और साल में कम से कम 10 पौधों का रोपण करें। इससे पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी और भविष्य के लिए एक स्वस्थ परिवेश का निर्माण होगा। पौधरोपण कार्यक्रम में कमलेश बाई, साक्षी, अभिलाषा पटेल, रोशनी पटेल, सोनाली और अन्य महिलाएं शामिल रहीं। उन्होंने पौधरोपण के महत्व को समझा और पर्यावरण संरक्षण के लिए अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लिया। बताया गया कि पौधरोपण के लिए जून से अगस्त तक का माह सबसे बेहतर माना जाता है। इसमें पौधें के संभलने की संभावना अधिक रहती है।

डिंडोरी में हाईवे पर आया खेतों और सड़क किनारे का मलबा

डिंडौरी,देशबन्धु। मध्य प्रदेश में डिंडौरी जिला मुख्यालय समेत आसपास के इलाकों में पिछले दो दिन बारिश का दौर जारी है। गुरुवार की दरमियानी रात से शुरू तेज बारिश से नदी नाले उफान पर हैं।

शनिवार को भी रिमझिम बारिश का दौर जारी है। बारिश के चलते जनपद करंजिया अंतर्गत ग्राम माधोपुर के पास हाईवे पर खेतों का पानी और सड़क किनारे का मलबा आ जाने से इस रोड में वाहन फंस रहे हैं। जबलपुर अमरकंटक नेशनल हाईवे पर मलबे का ढेर लग जाने से बाइक और कार का निकलना भी मुश्किल से हो पा रहा है।

28 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट, ग्वालियर-चंबल

महाकोशल-विंध्य में जमकर बरसे बादल-प्रदेश के उत्तरी व पूर्वी जिलों में अति भारी बारिश से कई क्षेत्रों में जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। विंध्य-महाकौशल के कई जिलों में नदी-नाले उफान पर होने से पुल तक डूब गए हैं। जबलपुर में सुबह से शाम तक 71.8 मिमी बारिश हुई। जबलपुर से करीब 25 किमी दूर बरेला थानांतर्गत सलैया नदी में पुल पार करते समय तेज बहाव में गैस सिलेंडर से लदा एक ट्रक और भूसे से भरा मिनी ट्रक बह गया। चालक-परिचालक ने किसी तरह तैरकर जान बचाई। मंडला जिले में रात्रि से दोपहर तक करीब 12 घंटे लगातार बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तरी पूर्वी मप्र में हवा के ऊपरी स्तर पर एक और चक्रवात सक्रिय है, जिससे खासतौर पर पूर्वी मप्र के हिस्सों में तेज बारिश की संभावना है। रीवा, सागर, शहडोल और जबलपुर संभाग के जिलों में मध्यम से भारी बारिश हो सकती है।

गुना में पांच इंच बारिश, सड़कें डूबीं-गुना में भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया है। यहां गुरुवार रात से शुरू हुई बारिश शनिवार सुबह तक जारी रही। इस बीच पांच इंच पानी गिर गया।

मंडला और बिछिया विधानसभा के 50-50 बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण

मंडला, देशबन्धु। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार प्रत्येक मतदान केन्द्र के बूथ लेवल ऑफीसर के लिए बीएलओ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। जिला मण्डला की विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 105-बिछिया (अ.ज.जा.) के अन्तर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 219 से 268 तक कुल 50 बीएलओ का प्रशिक्षण जनपद पंचायत मवई में एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 107-मण्डला (अ.ज.जा.) के अन्तर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 152 से 201 तक कुल 50 बीएलओ का प्रशिक्षण कार्यक्रम आरडीपीजी कॉलेज मण्डला में आयोजित कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान सभी बीएलओ को निर्वाचक नामावली, नए नाम जोड़ने, मतदाता सूची से नाम काटने जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई एवं उनका शंका समाधान भी किया गया।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों (बिछिया, निवास एवं मण्डला) के आगामी बीएलओ के प्रशिक्षण 8 जुलाई से 16 जुलाई 2025 तक के मध्य पृथक-पृथक तिथियों में आयोजित किए जाएंगे।